विषय – हिंदी

वर्कशीट–2 **कक्षा – छठी**

1 प्रश्न : निम्न गद्यांश को पढ़ कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दें:–

संसार में अमरता ऐसे ही लोगों को मिलती है जो अपने पीछे कुछ आदर्श छोड़ जाते हैं, जिनका स्थायी मूल्य होता है। बहुधा यह देखा गया है कि ऐसे व्यक्ति संपन्न परिवार में बहुत कम पैदा होते हैं। अधिकांश ऐसे लोगों का जन्म मध्यम वर्ग के घरों में या गरीब परिवारों में ही होता है। इस तरह उन का पालन–पोषण साधारण परिवार में होता है और वे सादा जीवन बिताने के आदी हो जाते हैं। सादा जीवन या सादगी का अर्थ है–रहन–सहन, वेशभूषा और आचार–विचारों का एक निर्दिष्ट स्तर। जीवन में सादगी लाने के लिए दो बातें विशेष रूप से करणीय होती हैं – कठिन से कठिन परिस्थितियों में धैर्य को न छोड़ना और दूसरे अपनी आवश्यकताओं को न्यूनतम बनाना। व्यक्ति की सच्ची पहचान उसके विचारों और करणी से होती है। विवेकशील व्यक्ति ही अपनी आवश्यकताओं को सीमित रख सकता है। सादगी मनुष्य के चरित्र का अंग है, वह बाहरी चीज़ नहीं है। महात्मा गांधी सादा जीवन पसंद करते थे और हाथ के कते और बुने खद्दर के मामूली वस्त्र पहनते थे किंतु अपने उच्च विचारों के कारण वे संसार में वंदनीय हो गए।

(.i.) संसार के किस प्रकार के लोग अमर हो जाते हैं?

(क) जो परोपकारी होते हैं।
(ख) जो अपने पीछे आदर्श छोड़ जाते हैं।
(ग) जो देश पर बलिदान हो जाते हैं।
(घ) जो बहुत विद्वान होते हैं।

(ii) संसार में अमर कहलाने वाले लोग प्रायः किस प्रकार के परिवारों में जन्म लेते हैं?

(क) मध्यम या निम्न (ख) निम्न मध्यम या निर्धन
(ग) मध्यम या निर्धन (घ) मध्यम या उच्च

(iii) सादा जीवन या सादगी का अर्थ है–

(क) रहन–सहन और खान–पान का उपयुक्त स्तर

(ख) खान–पान और वेशभूषा का उपयुक्त स्तर

(ग) आचार–विचार, वेशभूषा और रहन–सहन का स्तर

(घ) आचार–विचार, वेशभूषा और खानपान का स्तर

(iv) मनुष्य की सच्ची पहचान होती है–

(क) उसके परिवार और रहन–सहन से

(ख) उसके विचारों और करनी से

(ग) उसके ज्ञान और शिक्षा से

(घ) उसके चरित्र और व्यवहार से

2. प्रश्न : निम्नलिखित वाक्यों में प्रयुक्त विशेषज्ञों के उचित भेद चुनकर लिखिएः–

(.i.) पुस्तक के बारहवें पृष्ठ पर गलती है।

(क) गुणवाचक (ख) निश्चित संख्यावाचक

(ग) परिमाणवाचक (घ) अनिश्चित संख्यावाचक

(ii) मुझे लाल फूल पसंद है।

(क) गुणवाचक (ख) रंगबोधक गुणवाचक

(ग) आकारबोधक गुणवाचक (घ) दशाबोधक गुणवाचक विशेषण

(iii) उस घोड़े पर मैं बैठूंगा।

(क) गुणवाचक (ख) आकारबोधक

(ग) सार्वनामिक विशेषण (घ) परिमाणवचक विशेषण

3. प्रश्न : निम्न वाक्यों में क्रियाओं मे उचित भेद चुनें: –

(.i.) पिंकी के मामा जी कल आयेंगे।

(क) अकर्मक (ख) एक कर्मक

(ग) द्विकर्मक सकर्मक क्रिया

(ii) प्रतिमा ने भाई को राखी बांधे।

(क) अकर्मक (ख) एक कर्मक

(ग) द्विकर्मक सकर्मक क्रिया

(iii) दादी जी जाग गई।

(क) अकर्मक (ख) एक कर्मक

(ग) द्विकर्मक सकर्मक क्रिया

4. प्रश्न : निम्नलिखित वाक्यों की क्रियाओं का सही काल चुनिए: –

(.i.) नंदिता और विनीता नृत्य करती हैं।

(क) भूतकाल (ख) वर्तमान काल (ग) भविष्य काल

(ii) मैंने अभी खाना खाया है।

(क) पूर्ण भूत (ख) सामान्य भूत (ग) आसन्न भूत

(iii) आज अमिता नहीं आएगी।

(क) सामान्य भविष्यत् (ख) संभाव्य भविष्यत

5. प्रश्न : सही विराम चिन्ह वाले वाक्य चुनोः –

(.i.) (क) बच्चो! शोर क्यों मचा रहे हो।
(ख) बच्चो, शोर क्यों मचाा रहे हो?
(ग) बच्चो! शोर क्यों मचाा रहे हो?

(.ii.) (क) अरे, तुम कब आए।
(ख) अरे! तुम कब आए।
(ग) अरे! तुम कब आए।

6. प्रश्न : निम्नलिखित शब्दों में के तीन–तीन अर्थ लिखें –

(i) मधु– (ii) सुर– (iii) अदा–

7. प्रश्न : वाक्य बनाकर अंतर स्पष्ट करें (अर्थ भी लिखें)

(.i.) प्रेम (ii) आज्ञा (iii) गर्व

(iv) स्नेह (v) अनुमति (vi) अहंकार

8. प्रश्न : अनेक शब्दों के लिए एक शब्द लिखेंः–

(.i.) देश में भ्रमण।
(ii) जिसका भाग्य अच्छा न हो।
(iii) अपनी इच्छा से सेवा करने वाला।